भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 555**

**उत्तर देने की तारीख 06.02.2025**

**पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए कोष (स्फूर्ति) के अंतर्गत प्रगति**

555. **डॉ. बायरेड्डी शबरीः**
**श्री जी. लक्ष्मीनारायणः**
**श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटीः**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए कोष योजना (स्फूर्ति) के अंतर्गत हथकरघा क्लस्टरों सहित स्वीकृत, कार्यरत/कार्यशील, मंजूरी के लिए लंबित तथा कार्य आरंभ होने वाले क्लस्टरों की संख्या कितनी है, तथा नंदयाल, अनंतपुर और बापतला संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों सहित देश भर में राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार और आंध्र प्रदेश में जिलावार उक्त क्लस्टरों की स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में क्लस्टरों के संचालन में विलंब के कारणों की पहचान की है और यदि हां, तो उक्त विलंब को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश सहित उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में देश भर में स्फूर्ति योजना के अंतर्गत राज्यवार और जिलावार आवंटित, जारी की गई तथा उपयोग की गई कुल धनराशि कितनी है;

(घ) क्या सरकार उक्त स्फूर्ति योजना के कवरेज का विस्तार कर विशेष रूप से रायलसीमा तथा उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश जैसे कम सुविधा वाले क्षेत्रों में अधिक पारंपरिक उद्योगों तथा शिल्पों को शामिल करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों सहित देश भर में स्फूर्ति योजना से लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं की राज्यवार और जिलावार कुल संख्या कितनी है; और

(च) गत पांच वर्षों के दौरान स्फूर्ति योजना के तहत आंध्र प्रदेश में उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों सहित सृजित की गई नौकरियों और विकसित किए गए एमएसएमई क्लस्टरों की राज्यवार और जिलावार कुल संख्या कितनी है?

**उत्तर**

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) परंपरागत उद्योगों के पुनर्सृजन हेतु निधि स्कीम (स्फूर्ति) को दिनांक 30.9.2022 के बाद मंजूरी मिलने की प्रतीक्षा है, ऐसे में किसी भी नए प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी जा रही है। विगत पांच वर्षों के दौरान देश भर में हथकरघा क्लस्टरों सहित स्वीकृत, क्रियाशील/प्रचालनात्मक क्लस्टरों का विवरण, आंध्र प्रदेश में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिला-वार उनकी स्थिति **अनुबंध -I** में संलग्न है।

(ख) जी, हां। सरकार द्वारा क्लस्टरों के प्रचालन में विलंब के कारणों की पहचान कर ली गई है तथा क्लस्टरों के प्रचालन में विलंब को समाप्त करने के लिए हितधारकों के साथ वास्तविक और वित्तीय कार्य -निष्पादन के संबंध में नियमित अनुवर्ती कार्रवाई सहित विभिन्न कदम उठाए गए हैं।

(ग) स्फूर्ति के अंतर्गत समेकित निधि को स्वीकृति दी जाती है, इसलिए निधियों को राज्य-वार या जिला-वार आवंटित या जारी नहीं किया जाता है।

(घ) जी, नहीं। स्फूर्ति को दिनांक 30.9.2022 से आगे जारी रखने के लिए अनुमोदन की प्रतीक्षा है तथा सरकार के पास अधिक परंपरागत क्षेत्रों और शिल्पों को शामिल करने की कोई योजना नहीं है।

(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान स्फूर्ति के अंतर्गत लगभग 116,836 महिला कारीगरों को सीधे लाभ प्राप्त हुआ है। आंध्र प्रदेश का राज्य-वार और जिला-वार विवरण **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(च) आंध्र प्रदेश में विगत पांच वर्षों के दौरान एस्फूर्ति के अंतर्गत सृजित कुल नौकरियों और स्वीकृत क्लस्टरों का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

******

अनुबंध-I

दिनांक 06.02.2025 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. के भाग (क) एवं (ङ) के संदर्भ में उल्लिखित अनुबंध-I

विगत पांच वर्षों के दौरान देश में स्फूर्ति क्लस्टरों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा और स्थिति

| क्र.सं. | राज्य | स्वीकृत क्लस्टर | क्रियाशील क्लस्टर | कार्यान्वयनाधीन | लाभान्वित कुल कारीगरों की संख्या (संख्या) | महिला कारीगर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 10 | 8 | 2 | 8492 | 2950 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 2 | 2 | - | 799 | 407 |
| 3 | असम | 20 | 18 | 2 | 12625 | 8636 |
| 4 | बिहार | 8 | 6 | 2 | 5426 | 2777 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 2 | 2 | | 1830 | 1225 |
| 6 | गुजरात | 10 | 7 | 3 | 4526 | 3760 |
| 7 | हरियाणा | 3 | 3 | | 2117 | 1815 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 4 | 3 | 1 | 851 | 133 |
| 9 | झारखंड | 12 | 10 | 2 | 6682 | 2295 |
| 10 | कर्नाटक | 19 | 10 | 9 | 11560 | 4874 |
| 11 | केरल | 5 | 4 | 1 | 2317 | 1294 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 41 | 32 | 9 | 23095 | 12562 |
| 13 | महाराष्ट्र | 23 | 14 | 9 | 13975 | 6933 |
| 14 | मणिपुर | 23 | 17 | 6 | 11872 | 6227 |
| 15 | मेघालय | 5 | 5 | | 1528 | 675 |
| 16 | मिजोरम | 1 | 1 | | 304 | 72 |
| 17 | नागालैंड | 8 | 6 | 2 | 3017 | 1852 |
| 18 | ओडिशा | 48 | 22 | 26 | 35205 | 17068 |
| 19 | राजस्थान | 32 | 21 | 11 | 17849 | 8414 |
| 20 | सिक्किम | 4 | 4 | | 872 | 357 |
| 21 | तमिलनाडु | 11 | 4 | 7 | 3699 | 2093 |
| 22 | तेलंगाना | 13 | 10 | 3 | 7909 | 4124 |
| 23 | त्रिपुरा | 2 | 1 | 1 | 557 | 222 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 51 | 35 | 16 | 29481 | 18402 |
| 25 | उत्तराखंड | 4 | 3 | 1 | 2107 | 935 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 19 | 13 | 6 | 9787 | 6734 |
| | कुल | **380** | **261** | **119** | **218482** | **116836** |

<u>विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में स्फूर्ति क्लस्टरों का जिला-वार विवरण।</u>

| क्र. सं. | जिला | स्वीकृत क्लस्टर | क्रियाशील क्लस्टर | कार्यान्वयनाधीन | लाभान्वित कुल कारीगरों की संख्या (संख्या) | महिला कारीगर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बापतला | 1 | - | 1 | 605 | 193 |
| 2 | पूर्वी गोदावरी | 3 | 3 | - | 2836 | 400 |
| 3 | गुंटूर | 1 | 1 | - | 1007 | 399 |
| 4 | विशाखापत्तनम | 2 | 1 | 1 | 1212 | 851 |
| 5 | विजयनगरम | 2 | 2 | - | 2009 | 894 |
| 6 | वाईएसआर कडप्पा | 1 | 1 | - | 823 | 213 |
| | **कुल** | **10** | **8** | **2** | **8492** | **2950** |

दिनांक 06.02.2025 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. के भाग (च) के संदर्भ में उल्लिखित अनुबंध--II

विगत पांच वर्षों के दौरान सृजित स्थायी नौकरियों की संख्या का राज्य-वार विवरण

| क्र.सं. | राज्य | अनुमोदित क्लस्टर | क्रियाशील क्लस्टर | सृजित स्थायी नौकरियों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 10 | 8 | 7175 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 2 | 2 | 799 |
| 3 | असम | 20 | 18 | 11480 |
| 4 | बिहार | 8 | 6 | 4732 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 2 | 2 | 1830 |
| 6 | गुजरात | 10 | 7 | 3563 |
| 7 | हरियाणा | 3 | 3 | 2117 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 4 | 3 | 551 |
| 9 | झारखंड | 12 | 10 | 4949 |
| 10 | कर्नाटक | 19 | 10 | 4579 |
| 11 | केरल | 5 | 4 | 1779 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 41 | 32 | 16050 |
| 13 | महाराष्ट्र | 23 | 14 | 9757 |
| 14 | मणिपुर | 23 | 17 | 7933 |
| 15 | मेघालय | 5 | 5 | 1528 |
| 16 | मिजोरम | 1 | 1 | 304 |
| 17 | नागालैंड | 8 | 6 | 2447 |
| 18 | ओडिशा | 48 | 22 | 14499 |
| 19 | राजस्थान | 32 | 21 | 12545 |
| 20 | सिक्किम | 4 | 4 | 872 |
| 21 | तमिलनाडु | 11 | 4 | 1443 |
| 22 | तेलंगाना | 13 | 10 | 5449 |
| 23 | त्रिपुरा | 2 | 1 | 256 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 51 | 35 | 20102 |
| 25 | उत्तराखंड | 4 | 3 | 1603 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 19 | 13 | 7376 |
| | कुल | **380** | **261** | **145718** |

विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में जिला-वार सृजित स्थायी रोजगार

| क्र.सं. | जिला | अनुमोदित क्लस्टरों की संख्या | क्रियाशील क्लस्टर | सृजित स्थायी नौकरियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्वी गोदावरी | 3 | 3 | 2836 |
| 2 | गुंटूर | 1 | 1 | 1007 |
| 3 | विशाखापत्तनम | 2 | 1 | 500 |
| 4 | विजयनगरम | 2 | 2 | 2009 |
| 5 | वाईएसआर कडप्पा | 1 | 1 | 823 |
| | कुल | **10** | **8** | **7175** |